## एक नजर में

### गोवंश पालकों को सख्त हिदायत दी



**कसरावद, निप्र।** नगर परिषद द्वारा नगर के गोवंश पा ल को सख्त हिदायत दी है कि आपके द्वारा गोवंश लापरवाही अपने घर से छोड़ दिया जाता है जिसमें नगर के प्रमुख मार्गों पर घूमती रहती है जिसमें किसी भी दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है अपनी गोवंश को बांधकर अपने घर रखें अन्यथा किसी भी विगत दिनों 24 8 ,2025 नगर परिषद दल द्वारा पकड़ने की कार्रवाई कठोरता से की जाएगी एवं ही 5000 का अर्थ दंड आरोपित किया जाएगा

### बारिश फसलों के लिए लाभकारी



**बिस्टान नि प्र ।** बीते एक सप्ताह से रुक-रुक कर हो रही। बारिश से क्षेत्र के नदी, नालों ,एवं कुओं का जलस्तर बढ़ने लगा है । बारिश की दिनों दिन रफ्तार बढ़ रही है। फिर भी तेज उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। बारिश के बाद भी उमस के कारण पसीने छूट रहे हैं। किसान गबु पटेल, यसवंत मालवीय ,ने बताया की खेतों में कीट, पतंगे व मच्छरों की भरमार है । लेकिन सबसे सुखद बात यह है कि समय-समय पर हो रही। बारिश फसलों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रही है ।

### मनरेगा योजना बनी दिव्यांग रामचंद्र का सम्बल



**खरगोन।** जनपद पंचायत खरगोन के ग्राम घोट्या निवासी रामचंद्र पाटीदार यूं तो दोनों पैरों से दिव्यांग हैं, लेकिन अपने मजबूत इरादों से इन्होंने विकलांगता को मात देकर सामर्थ्य का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। इनकी सफलता की कहानी में इनका संबल बनी है मनरेगा योजना।

घर की अर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वे कक्षा आठ तक ही पढ़ पाए। पहले वे एक मोबाइल शॉप पर काम करते थे जिससे उनकी मासिक आय 03 हजार थी, जो जीवन यापन के लिए अपर्याप्त थी। रामचन्द्र के जीवन में उस समय नया मोड़ आया जब इन्होंने मोबाइल के द्वारा मनरेगा के विभिन्न आनलाइन कार्य-एनएमएमएस, जिओटैग इत्यादि में दक्षता हासिल की और परिणामस्वरूप इन्हें ग्राम पंचायत घोट्या द्वारा मेट का कार्य दिया गया। रामचन्द्र ने ग्राम पंचायत घोट्यां में 4 अमृत सरोवर के अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान तहत खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज जैसे कार्य निष्पादित किए हैं। मनरेगा मेट के कार्य से इनकी मासिक आय बढ़कर 10 हजार रुपए हो गई है। इनकी दक्षता के कारण आसपास की ग्राम पंचायतों के सचिव, सरपंच और जीआरएस इनसे सलाह लेने आते हैं।

रामचन्द्र के जज्बे को मान्यता देते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद पटेल द्वारा खरगोन प्रवास के दौरान 17 जुलाई 2025 को इन्हें सम्मानित किया गया है। रामचन्द्र कहते हैं कि मनरेगा योजना ने उनका जीवन बदल कर उसे खुशियां और उत्साह से भर दिया है, जिसके लिए वे मनरेगा योजना का आभारी रहेंगे।

इस वर्ष जिले में मनरेगा योजना के अंतर्गत 589 दिव्यांग मजदूरों को 14192 मानव दिवस का कार्य किया गया है। योजना के माध्यम से सभी दिव्यागजनों के जीवन में खुशियां भरने का प्रयास सराहनीय है।

### 24 अगस्त को सिरवेल में लगेगा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर, शिविर के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**खरगोन।** संभागायुक्त दीपक सिंह के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में खरगोन जिले के विकासखण्ड भगवानपुरा के ग्राम सिरवेल में 24 अगस्त 2025 को प्रात: 8 बजे से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस स्वास्थ्य मेले में संभाग स्तर के विभिन्न विधाओं के चिकित्सक उपस्थित रहेंगे, जो मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श देंगे। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा सिरवेल में आयोजित होने वाले संपूर्ण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह और अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भगवानपुरा श्री बी.एस. कनेश को नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर सुश्री मित्तल ने इस नि:शुल्क स्वास्थ्य मेले के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खरगोन स्वास्थ्य कैम्प नोडल अधिकरी, स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अलग-अलग काउंटर तैयार करने, डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी की ड्यूटी, उपकरणों की व्यवस्था, पंजीयन, जांच, दवाई वितरण व्यवस्था एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं दिव्यांगजन के लिए विशेष काउंटर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा तैयार किया जाएगा। तम्बू, प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था जनपद पंचायत भीकनगांव व झिरन्या के अधिकारियों व संबंधित तहसीलदारों को दी गई है। मरीजों के चिन्हांकन उपरांत सूची बनाकर उन्हें शिविर तक लाने तथा महिलाओं और बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराएगा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को लेकर आने महिला एवं बाल विकास विभाग व सुपरवाईजर कैंप स्थल पर व्यवस्था बनाएंगे। जबकि जनजातीय कार्य विभाग के सहायक संचालक को बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण जिनकी परीक्षा नहीं चल रही है, वार्डन/शिक्षक बच्चों को लेकर आएंगे।

# महेश्वर घाट को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए पर्यटकों को दी समझाइश





नवभारत न्यूज

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के आदेशानुसार नगर परिषद महेश्वर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री प्रियंक पड्या एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री गजराज यादव के मार्गदर्शन में महेश्वर नर्मदा घाट को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान नर्मदा घाट पर आए पर्यटकों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। शासन द्वारा पॉलीथिन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इसी के अंतर्गत लोगों को समझाइश दी गई कि पॉलीथिन का उपयोग कर हम न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहे हैं, बल्कि गंभीर रोगों को भी न्यौता दे रहे हैं।

### प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने में सहयोग करें

पॉलीथिन को इधर-उधर फेंक देने से नालियाँ जाम हो जाती हैं और गंदा पानी सड़कों पर फैलकर मच्छरों का घर बन जाता है। इससे कालरा, टाइफाइड, डायरिया तथा हेपेटाइटिस-बी जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही लोगों को बताया गया कि पॉलीथिन कचरा जलाने से कार्बन डाईऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड तथा डाईऑक्सिन जैसी विषैली गैसें फैलती हैं। इनसे सांस, त्वचा और अन्य रोगों की संभावना बढ़ जाती है। प्लास्टिक का इस्तेमाल करके हम न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि पशुओं तके गंभीर रोगों को भी न्यौता दे रहे है। कार्यक्रम में नगर परिषद के द्वारा सभी पर्यटकों से अपील की है कि वे नर्मदा घाट क्षेत्र को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने में सहयोग करें।




## सब के लिए न्याय के लिए जन जागरूकता जरूरी : जिला एवं सत्र न्यायाधीश

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** जिला चिकित्सालय खरगोन में 20 अगस्त को तहसील विधिक सेवा समिति खरगोन एवं जिला एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से ट्रेनिंग ऑफ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स ऑन एचआईवही/एड्स एक्ट 2017 के संदर्भ में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति से श्री राजकुमार यादव जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीजेएम श्री गिरीश कुमार शर्मा, सीएमएचओ डॉ. मोहन सिंह सिसोदिया, जिला चिकित्सालय सिविल सर्जन डॉ. राजकुमारी देवड़ा, जिला नोडल अधिकारी एड्स डॉ. हर्ष महाजन मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहें। साथ ही जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी/पैरामेडिकल स्टाफ/सपोर्टिंग स्टाफ सहित सामाजिक संस्थावो के प्रतिनिधि व एड्स कंट्रोल सोसायटी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन नोडल पर्सन मुकेश पटेल द्वारा एवं कार्यक्रम का आभार नोडल अधिकारी डॉ हर्ष महाजन द्वारा व्यक्त किया गया।

## जिला कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व . गांधी की जयंती

**खरगोन।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने स्व. गांधी को याद करते हुए कहा कि स्व. गांधी देश के सशक्त प्रधान मंत्री थे, उन्होंने ने भारत में सूचना प्रौद्योगिकी को महत्व देते हुए कम्प्यूटर क्रांति का जो आगाज किया था, उसी का परिणाम है, की आज सारे विश्व के आई टी सेक्टर में भारत के युवाओं का डंका बज रहा हैं। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पूर्णा ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गोविन्द मुजाल्दे, जिला कांग्रेस महासचिव संजीव गांगुली ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कादर बेग, विजय कोचले, अलीम शेख, यशवंत जायसवाल, हीरा परमार आदि कार्यकर्ताओं ने स्व. गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई ने किया।




## आय एवं आवक के लिए कृषि मंडी को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान, विधायक ने व्यापारियों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** शहर के बिस्टान रोड़ पर संचालित हो रही कृषि उपज मंडी को आय एवं आवक मामले में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदेश स्तर पर चयनित किया गया है। मंडी को दूसरा स्थान मिला है, जिससे मंडी समिति सहित व्यापारियों में उत्साह का माहौल है।

बुधवार को मंडी समिति ने इस सफलता के लिए व्यापारियों का आभार जताते हुए सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान सबसे ज्यादा मंडी टैक्स चुकाने वाले 22 व्यापारियों को विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने बतौर मुख्य अतिथि प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधायक पाटीदार ने कहा कि कृषि मंडी को प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा मिलना खुशी की बात है। इसके लिए व्यापारी भी बधाई के पात्र है, क्योंकि व्यापारियों द्वारा किसानों को दिए जा रहे उचित दाम और सुविधाओं के लिए ही यह सम्मान मिला है। इससे मंडी की प्रतिष्ठा बढ़ी है। विधायक ने कहा कि जिले में उत्पादन बढ़ता जा रहा है, किसानों का भरोसा भी खरगोन मंडी पर है। इसके चलते व्यापारी भी अपना व्यापार के साथ व्यापारियों की संख्या बढ़ाए।

केंद्र और प्रदेश सरकार व्यापारियों को कई तरह की सुविधाएं दे रही है, इनका लाभ उठाएं। समारोह में बतौर अतिथी एसडीएम विरेंद्र कुमार कटारे, मंडी समिति अध्यक्ष मंजीत सिंह चावला, मंडी सचिव शर्मिला निनामा, कल्याण अग्रवाल मंचासीन थे। कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक राजेश वर्मा, राधावल्लभ जोशी सहित सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्र स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती बनाई नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह यादव एवं अजय दादा मंडलोई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी युवा भारत की संकल्पना के साथ आधुनिक भारत की निव रखने वाले एवं भारत रत्न स्वर्गीय



राजीव गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई गई इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष परशुराम यादव डॉ शिरीष जायसवाल अखिलेश पाटीदार संजय यादव विनोद नामदेव बंसी कुशवाह पार्षद प्रतिनिधि इम्तियाज पटेल परमानंद खेड़े आदि कर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गई।




## एक दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** कृषि विज्ञान केंद्र खरगोन में 20 अगस्त को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 (वाटरशेड) परियोजना के अंतर्गत, कृषि विज्ञान केंद्र, खरगोन में फसल पीओपी पर एक दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आईटीसी मिशन सुनहरा कल, सिपा संस्था और कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

प्रशिक्षण की शुरुआत आईटीसी मिशन सुनहरा कल और सिपा संस्था के जिला समन्वयक श्री विकास जोशी के संबोधन से हुई तथा जिला परियोजना अधिकारी श्री रमाकांत पाटीदार द्वारा परियोजना का संक्षिप्त परिचय देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने जलवायु-अनुकूल कृषि के चार प्रमुख स्तंभों प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, आजीविका विविधीकरण, किसानों के साथ संस्थागत जुड़ाव एवं जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों पर ज़ोर दिया। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, बागवानी विभाग, आत्मा विभाग के अधिकारियों और कृषि सखि के साथ भी बातचीत की और सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान डॉ. सुनील कुमार त्यागी उद्यान विभाग विज्ञान वैज्ञानिक ने मिर्च की फसल से संबंधित विस्तृत जानकारी, प्राकृतिक कृषि पद्धतियों और एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात डॉ राजीव कुमार सिंह कृषि वैज्ञानिक ने फसलों पर तकनीकी जानकारी साझा की तथा खेती में प्रसार संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## मातोश्री अहिल्याबाई का चित्र बनाकर भरे कल्पनाओं के रंग

**खरगोन।** लोकमाता पुण्यश्लोका मातोश्री देवी अहिल्याबाई होलकर की 230वीं पुण्यतिथि अहिल्योत्सव कमेटी द्वारा 6 दिवसीय महोत्सव के रुप में मनाई जा रही है।

कमेटी सचिव पारिंद्र शर्मा ने बताया कि पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ही रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। 17 अगस्त से शुरु हुए महोत्सव के निमित्त बुधवार को उत्कृष्ट विद्यालय में निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेकर देवी अहिल्याबाई की गौरव गाथा का बखान करते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कि। वहीं चित्रकला में भी सुंदर व मनमोहक चित्र कैनवास पर बनाकर अपनी कल्पनाओं के रंग भरे जो सराहनीय है। प्रतियोगिता समापन पर



### 22 को निकलेगी शोभायात्रा

महोत्सव के तहत गुरुवार को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक क्षत्रिय मराठा समाज के मांगलिक भवन में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम रखा गया है। 22 अगस्त को देवीश्री की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा दोपहर 3 .30 बजे उत्कृष्ट विद्यालय से अहिल्या घाट तक आयोजित होगी, इसके बाद महोत्सव को विराम दिया जाएगा।

विजेताओं को बतौर अतिथि पत्रकार संघ अध्यक्ष सुनील शर्मा, प्राचार्य राजेंद्र पाटीदार, समिति अध्यक्ष अनिल कोंकणे, सोपानराव पंवार, अभिभाषक संघ अध्यक्ष पवन बिल्लौरे, संजय गुप्ता, पारिंद्र शर्मा आदि ने पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रभारी मुरली खोड़े ने बताया प्रतियोगिता के निर्णायक अमृता शर्मा, प्रकृति भावसार, आश पाटीदार, सुनीता पुरे रहे।

## आस्था ग्राम में ट्रस्ट के बच्चों को सीखा रहे कथक नृत्य

**खरगोन।** आस्था ग्राम ट्रस्ट में दो दिवसीय कथक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यहां करीब 205 बच्चे शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कथक नृत्य संस्थान संचालिका गौरी देशमुख के मार्गदर्शन में कथक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में कथक की बारीकियों, कृताल लय और अभिनय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संस्थान की मिताली चौधरी, तनिष्क रघुवंशी, भाव्या हिरवे और ममता हिरवे प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं न केवल बच्चों की कला प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि संस्कृति और परंपरा को भी सशक्त बनाती हैं।

**एक नजर में** — सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में विधिक साक्षतर शिविर

# बिना रजिस्ट्रेशन बीमा के वाहन नहीं चलाए : न्यायाधीश प्रीति जैन

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** अगर आप बिना लाइसेंस के वाहन चला रही हो तो यह गलती नहीं करे क्योंकि ऐसे में यदि दुर्भाग्यवश कोई दुर्घटना हो जाती है जिसमें सामने वाला व्यक्ति घायल हो जाता है या मर जाता है तो आपको उस घायल व्यक्ति या मृतक को मुआवजा देना पड़ेगा क्योंकि बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने वाला अगर कोई दुर्घटना कारीत करता है तो उसका मुआवजा बीमा कंपनी नहीं देती है। इसलिए बिना लाइसेंस बिना रजिस्ट्रेशन बीमा के वाहन नहीं चलाए।वरना दुर्घटना में कोर्ट द्वारा




निर्धारित मुआवजा आपके पेरेंट्स को देना भारी पड़ सकता है।

उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में दी। डायरेक्टर बी एम पाटीदार ने आभार माना इस अवसर पर पी एल वी जोजू मुरियाडन प्रो अर्चना पवार प्रो मुस्कान जैन प्रो अंजली बडोले सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही। महाविद्यालय प्रांगण में पंच - ज कार्यक्रम के तहत सचिव ने छात्राओं और फैकल्टी के साथ पौधारोपण भी किया।

### विधिक सेवा की जानकारी प्रदान की

विशेषकर लड़कियों के लिए आयोजित शिवर में न्यायाधीश ने पॉक्सो एक्ट , बाल विवाह अधिनियम घरेलू हिंसा अधिनियम दहेज प्रथा सहित कई महिला कानूनों की भी जानकारी प्रदान की। एल ए डी सी एस असिस्टेंट सुश्री निशा कौशल एवं पी एल वी दुर्गेश राजदीप ने विधिक सेवा की जानकारी प्रदान की।स्वागत संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर संजय गर्ग प्रो राजीव काले ने किया।